Est. 2016

THE XAVERIAN

Official Monthly News Bulletin of St. Xavier's College, Simdega
Volume 2, Issue 8: August, 2026

The Message

Indian knowledge System leads us to the root of our existence. It is a challenge for each one of us to know our roots and to be rooted in our tradition and culture. Character building begins with our tradition and culture, which develops from our origin and life journey. True knowledge makes us strong to protect ourselves and its supports like the earth, the environment and human life etc. The preservation of life support is our duty so that human sustenance's lasts for eternity.

Self-respect is the strength in freedom where one raises oneself to the Truth. It is the power bank which cannot be destroyed by anyone except oneself. Every human being is born with dignity and respect where no one has a right to take them away. Every individual devalues life when one loses the self-respect. Education aims to strengthen individual because continuous learning with mentoring leads individual to know oneself properly. Proper knowledge is the true education where we learn, re-learn, correct ourselves and reach to the right growth of oneself.

Dear students and staff, you are given an opportunity to live a dignified life in this world. Make use of the resources given to you. Take care of yourself. Your good health will make your family live long.

Principal
Dr. Fr. Roshan Baa, SJ

Editorial

"August showed us that growth starts when we bravely and enthusiastically welcome new experiences in our lives. It marked the beginning of a new academic journey for freshers, as we celebrated the orientation day. This month was the foundation of a remarkable legacy that will be carried to the future generations. The entire college community witnessed the beginning of this legacy as we started the Science Faculty, which invites us to reflect that we are given numerous opportunities to meet new people, form new friendships, take on new responsibilities and explore ourselves as to what we can become.

The celebration of International Youth Day and Sports Day in our college reminds us of youthfulness. Dear students, it is important to remember that education is not only a matter of gaining knowledge, as it also involves confidence building, maintaining discipline and acquiring other qualities needed to lead a meaningful life. One is advised to constantly inquire about one's potential and dreams. The quality of inquisitiveness allows one to achieve new things in life. The lesson learnt in the past month can be summarised, "Dream boldly, persevere through challenges, seize every opportunity, and make your journey unforgettable."

The Editor
Asst. Prof. Jessica Nidhi Tigga

Foundation Day

On August 01, 2016, the Foundation Day of St. Xavier's College, Simdega was commemorated. The pioneers were remembered and honored with words of appreciation.

Welcome to Science Faculty

A welcome and felicitation ceremony was organized for the newly appointed professors of the first batch of the Science Department.

Orientation Programme

A grand **Welcome and Orientation Programme** was organized in the Seminar Hall of St. Xavier's College, Simdega, to welcome the incoming undergraduate batch of 2026-30, postgraduate batch of 2025-27, and the institution's historic **first batch of Bachelor of Science (B.Sc.)** students.

Youth Day

Students of St. Xavier's College, Simdega have secured First Position in Nukkad Natak at the State-Level Competition, "Nasha Mukt Yuva for Viksit Bharat" organised by the Ministry of Youth Affairs (GOI).

Adivasi Divas

Gladson Dungdung, social activist, and writer, inspired the youth on the occasion of world Indigenous Day on August 08, 2026. He spoke about tribal identity, rights and preservation.

Anti-raging

The Anti-Raging cell held on its awareness programme among the students. Staff and students participated in large number to know about self-respect and value of human beings. They were motivated to understand the college campus culture and to remain self-motivated.

Van Mahostsav

Green Guardian Club and Geography Department celebrated Van Mahotsav 2026 through campus plantation drives, academic lectures, and village outreach.

Independence Day

The college celebrated the 80th Independence Day, with the chief guest Dr. Fr. Sushil Bilung, in attendance. The event featured an impressive ceremonial parade by the NCC cadets and a variety of cultural programs.

Commerce Orientation

The Orientation Programme for B. Com 2026-30 was organised on Friday, 14th August 2026. The main objective of this programme was to welcome the freshers and to guide them about college discipline, values, academic life and future goals.

Political Science Orientation

Head of Department Asst. Prof. Ishan Joseph Tiru warmly welcomed

incoming students to the Department of Political Science. In his address, he encouraged students to cultivate regular study habits, discipline, and a positive mindset, while actively participating in departmental activities.

Geography Orientation

The Department of Geography organized an Orientation-cum-Freshers Program for newly admitted U.G. Semester I students (Batch 2026–2030). Asst.Prof. Marcel Hembrom guided the students to respect their teachers, actively participate in both curricular and co-curricular activities, and enjoy college life responsibly. He also emphasized the importance of Geography as an Honors subject and encouraged students to work together in departmental and college activities.

Economic Orientation

International Youth Day was celebrated with the special presence of guest speakers Asst. Prof. Narayan Sai, Asst. Prof. Pyari Kullu, and Asst. Prof. Aditi Prasad, who inspired the students and built their confidence. As part of the celebration, various student activities were organized, including poster making and chart painting.

History Orientation

The orientation and welcome programme were organised for the new batch of U.G and P.G students and new students were given detailed information about the college's rules and regulations, syllabus, and marking pattern.

Hindi Orientation

The Hindi Department organized an orientation-cum-freshers program for newly admitted students, providing guidelines on how to effectively utilize the four years of college life for academic proficiency.

Career Guidance Program

A career guidance program was organized by the Department of Hindi, with **college alumna Ashwini Kullu** as the chief guest. She is currently serving as an Official Language Officer at IDBI Bank, Mumbai, she shared valuable professional insights and career advice with the students.

Rank to NCC Cadets

The **Rank Awarding Ceremony** for the **first batch of NCC Cadets** of St. Xavier's College, Simdega, conducted under the guidance of **Associate NCC Officer (ANO) Roshan Kishor Giddh**.

Training and Firing Camp

At a training camp held in B.N JALAN COLLEGE SESAI, NCC cadets were imparted lessons on discipline, devotion to duty, and ethics. Additionally, they underwent firing tests, and participated in various tactical and co-curricular activities.

TB Mukt Bharat Abhiyaan

A comprehensive health awareness drive was organized by local NCC units under the ‘TB Mukt Bharat Abhiyaan.' Cadets joined hands to raise awareness among citizens regarding TB symptoms, diagnostic procedures, regular treatment, and government nutritional support schemes.

Har Ghar Tiranga Yatra

A 'Har Ghar Tiranga Yatra' public awareness rally was organized by the National Service Scheme (NSS). In this event, citizens were encouraged to hoist the national flag at their homes, fostering a sense of patriotism among the people.

Khelo India sanwad

An NSS-organized ‘Khelo India Samvaad: Khel Ki Baat PM Ke Saath’ program featured a virtual address by the Prime Minister, inspiring students, athletes, and youth across India to embrace fitness, leadership, and nation-building.

National Sports Day 29 August

On the occasion of Sports Day, various games such as kabaddi, kho-kho, tug of war, and spoon race, slow cycle race were organized on the college grounds.

Media Effects

हिन्दुस्तान

संत जेवियर्स में नामांकन जारी, हॉस्टल की सुविधा भी

सिमडेगा, प्रतिनिधि। धवईपानी स्थित संत जेवियर्स कॉलेज में छात्र व छात्राओं के लिए अलग-अलग हॉस्टल की सुविधा के साथ स्नातक एवं स्नातकोत्तर में नामांकन जारी है। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. फादर रोशन बा ने बताया कि हॉस्टल में रहने वाले विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन, समय पर भोजन, अनुशासित दिनचर्या और शैक्षणिक मार्गदर्शन की सुविधा मिलेगी। इससे ग्रामीण क्षेत्रों के उन छात्रों को विशेष लाभ होगा, जिन्हें प्रतिदिन लंबी दूरी तय कर कॉलेज आना पड़ता है।

डॉ. फादर रोशन बाः ने कहा कि संत जेवियर्स कॉलेज में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ सुरक्षित हॉस्टल, परिवहन सुविधा और अनुशासित शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराया जा रहा है। ताकि छात्र-छात्राएं अपने भविष्य को बेहतर दिशा दे सकें। कॉलेज प्रबंधन ने अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए इस अवसर का लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि कॉलेज में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में नई एजुकेशन पॉलिशी के तहत पढ़ाई के लिए नामांकन प्रक्रिया जारी है।

कॉलेज प्रशासन ने इच्छुक छात्र-छात्राओं से समय रहते नामांकन कराने की अपील की है। नामांकन के लिए कॉलेज कार्यालय अथवा हेल्पलाइन नंबर 79769389 पर संपर्क किया जा सकता है।

हिन्दुस्तान

आदिवासी दिवस पर हुआ कार्यक्रम, संस्कृति व परंपराओं के संरक्षण पर दिया गया जोर

हक-अधिकार के प्रति जागरूक होकर संगठित हों युवा: ग्लैडसन

- अधिकार व जल-जंगल-जमीन के संरक्षण पर मंथन
- विरासत से जुड़ने का युवाओं को दिया संदेश

सिमडेगा में शनिवार को कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि ग्लैडसन डुंगडुंग व प्राचार्य।

सिमडेगा, प्रतिनिधि। धवईपानी स्थित संत जेवियर्स कॉलेज सिमडेगा में शनिवार को विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कॉलेज हॉल में आयोजित कार्यक्रम में आदिवासी समाज की पहचान, संस्कृति, परंपरा, अधिकार और जल-जंगल-जमीन के संरक्षण पर चर्चा हुई।

कार्यक्रम का आयोजन कॉलेज के एसटी/एससी सेल, इंडिजिनस क्लब एवं आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम में आदिवासी संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण तथा युवा पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने पर जोर दिया गया। इस दौरान 'हमारी संस्कृति-हमारा गौरव, हमारे अधिकार-हमारी पहचान' और 'एकता में शक्ति-यही है हमारी शान' जैसे संदेशों के माध्यम से समाज की एकता और पहचान को मजबूत करने का आह्वान किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सह मुख्य वक्ता मानवाधिकार कार्यकर्ता एवं आदिवासी मुद्दों के विशेषज्ञ ग्लैडसन डुंगडुंग ने युवाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने और सामाजिक बदलाव के लिए संगठित होकर आगे आने का आह्वान किया। ग्लैडसन डुंगडुंग ने आदिवासी समाज के ऐतिहासिक संघर्ष और सांस्कृतिक विरासत पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आदिवासी समाज की पहचान उसकी संस्कृति, परंपरा और प्रकृति से गहरे जुड़ी हुई है। जल, जंगल और जमीन का संरक्षण आदिवासी समाज के अस्तित्व और पहचान से जुड़ा विषय है।

इसलिए, प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा के साथ अपनी सांस्कृतिक विरासत को बचाए रखना भी जरूरी है। उन्होंने युवाओं से सामाजिक मुद्दों को समझने और अपने अधिकारों के लिए सजग रहने की अपील की। मौके पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. फादर रोशन बा, उप प्राचार्य फादर ब्रूनो टोप्पो, डॉ. फादर सुशील बिलुंग, एसटी/एससी सेल के समन्वयक डॉ. सुनील केरकेट्टा, जस्टिन सोरेंग, जेसिका निधि तिग्गा, विपिन मिंज और निशी तिर्की सहित कॉलेज के सहायक प्राध्यापक एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे। इनमें डॉ. जयंत कुमार कश्यप, डॉ. अनिरुद्ध प्रसाद, डॉ. निशा रानी धनवार, लिपिका सुबीर, अनामिका रुण्डा, अदिति प्रसाद, प्रतिमा परधिया, डॉ. राधा महली, रोशन गिद्ध, एनी सोरेंग, ईशान तिरु और इशिता तिरु शामिल थे।

प्रभात खबर
रांची, रविवार
09.08.2026

एस्ट्रो गाइड
तिथि : एकादशी तिथि दिवा 8.45 तक उपरांत द्वादशी तिथि
नक्षत्र : मृगशिरा नक्षत्र दिवा 1.37 तक उपरांत आर्द्रा नक्षत्र
पक्ष : कृष्ण, मास-श्रावण, विक्रम संवत-2083, शक संवत-1948
बांग्ला : तारीख-23, दिन-रविवार, मास-श्रावण-1433
-एनके बेरा

आज सूर्यास्त 06:29 बजे | कल सूर्योदय 05:27 बजे | prabhatkhabar.com

सेंट जेवियर्स कॉलेज में विश्व आदिवासी दिवस पर हुआ कार्यक्रम

संस्कृति, परंपरा और जल-जंगल-जमीन आदिवासी समाज की पहचान : ग्लैडसन डुंगडुंग

कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राएं व शिक्षक.

आदिवासी अधिकार और संस्कृति पर सेंट जेवियर्स कॉलेज में हुआ मंथन

https://newsdekho.co.in

NEWS देखो झारखण्ड

भारत छोड़ो आंदोलन

News देखो Simdega | 8 अगस्त 2026 (शनिवार)

सेंट जेवियर्स कॉलेज सिमडेगा में विश्व आदिवासी दिवस पर संस्कृति अधिकार और जल जंगल जमीन पर मंथन

#सिमडेगा #विश्वआदिवासीदिवस : कॉलेज में आदिवासी पहचान, संस्कृति और अधिकारों के संरक्षण पर युवाओं ने रखे विचार।

सत्यम कुमार केशरी
सिमडेगा नगर क्षेत्र

सिमडेगा के सेंट जेवियर्स कॉलेज में शनिवार को विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कॉलेज हॉल में आयोजित कार्यक्रम में आदिवासी समाज की पहचान, संस्कृति, परंपरा, अधिकार और जल, जंगल, जमीन के संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। कार्यक्रम का उद्देश्य युवा पीढ़ी को आदिवासी समाज की समृद्ध विरासत से जोड़ने के साथ अपने अधिकारों और जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक करना रहा।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता मानवाधिकार कार्यकर्ता और आदिवासी मुद्दों के विशेषज्ञ ग्लैडसन डुंगडुंग ने आदिवासी समाज की ऐतिहासिक विरासत, सामाजिक पहचान और अधिकारों से जुड़े विषयों पर विस्तार से विचार रखे। उन्होंने कहा कि किसी भी समाज की पहचान उसकी संस्कृति, परंपरा और सामुदायिक मूल्यों से जुड़ी होती है। ऐसे में अपनी जड़ों को समझना और उन्हें संरक्षित रखना युवा पीढ़ी की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है।

उन्होंने विद्यार्थियों और युवाओं से अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने का आह्वान किया। साथ ही उन्होंने सामाजिक बदलाव के लिए संगठित होकर सकारात्मक भूमिका निभाने पर जोर दिया। उनके संबोधन में आदिवासी समाज के अधिकारों और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण को प्रमुखता दी गई।

कार्यक्रम के दौरान जल, जंगल और जमीन के संरक्षण के मुद्दे पर विशेष चर्चा हुई। ग्लैडसन डुंगडुंग ने इसे आदिवासी समाज के अस्तित्व, जीवन पद्धति और पहचान से जोड़ते हुए युवाओं को प्राकृतिक संसाधनों के प्रति संवेदनशील रहने का संदेश दिया।

उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज की जीवनशैली प्रकृति के साथ गहरे संबंध पर आधारित रही है। इसलिए प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा केवल पर्यावरण से जुड़ा विषय नहीं, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक विरासत को सुरक्षित रखने का भी महत्वपूर्ण हिस्सा है।

कार्यक्रम का आयोजन सेंट जेवियर्स कॉलेज के एसटी/एससी सेल, इंडिजिनस क्लब एवं आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। आयोजन के माध्यम से आदिवासी संस्कृति और परंपराओं को संरक्षित करने तथा युवा पीढ़ी को अपनी सामाजिक और सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम में आदिवासी समाज की एकता, संस्कृति और पहचान को मजबूत करने की आवश्यकता पर भी चर्चा हुई। आयोजन से जुड़े वक्ताओं ने युवाओं को अपनी विरासत को समझने और उसे आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाने की जरूरत बताई।

कार्यक्रम में कॉलेज के प्राचार्य डॉ. फादर रोशन बा, उप प्राचार्य फादर ब्रूनो टोप्पो, डॉ. फादर सुशील बिलुंग और एसटी/एससी सेल के समन्वयक डॉ. सुनील केरकेट्टा सहित सेल के सदस्य मौजूद रहे।

एसटी/एससी सेल के सदस्य जस्टिन सोरेंग, जेसिका निधि तिग्गा, विपिन मिंज और निशी तिर्की ने भी कार्यक्रम में सहभागिता की। इसके अलावा कॉलेज के कई सहायक प्राध्यापकों ने आयोजन में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

इनमें डॉ. जयंत कुमार कश्यप, डॉ. अनिरुद्ध प्रसाद, डॉ. निशा रानी धनवार, लिपिका सुबीर, अनामिका रुण्डा, अदिति प्रसाद, प्रतिमा परधिया, डॉ. राधा महली, रोशन गिद्ध, एनी सोरेंग, ईशान तिरु और इशिता तिरु शामिल थे।

विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर आयोजित यह कार्यक्रम केवल सांस्कृतिक पहचान तक सीमित नहीं रहा, बल्कि आदिवासी समाज के अधिकारों, सामाजिक जिम्मेदारियों और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण जैसे व्यापक विषयों पर संवाद का माध्यम बना।

कॉलेज परिसर में आयोजित कार्यक्रम के जरिए विद्यार्थियों को यह संदेश दिया गया कि आधुनिक शिक्षा के साथ अपनी सांस्कृतिक जड़ों और पारंपरिक ज्ञान को समझना भी जरूरी है। अपनी भाषा, परंपरा, इतिहास और सामुदायिक मूल्यों के प्रति सम्मान युवा पीढ़ी को अपनी पहचान के साथ मजबूत संबंध स्थापित करने में मदद कर सकता है।

कार्यक्रम में "हमारी संस्कृति-हमारा गौरव, हमारे अधिकार-हमारी पहचान" और "एकता में शक्ति-यही है हमारी शान" जैसे संदेशों के माध्यम से आदिवासी समाज की एकता, संस्कृति और पहचान को सहेजने का आह्वान किया गया।

विश्व आदिवासी दिवस जैसे आयोजन तब अधिक प्रभावी बनते हैं, जब वे केवल औपचारिक कार्यक्रम न रहकर युवाओं को अपनी विरासत, अधिकारों और जिम्मेदारियों से जोड़ने का माध्यम बनें। सेंट जेवियर्स कॉलेज का यह आयोजन आदिवासी संस्कृति के संरक्षण के साथ जल, जंगल और जमीन जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर संवाद की जरूरत को सामने लाता है। अब ऐसे विचारों को शैक्षणिक परिसर से आगे सामाजिक जीवन में व्यवहारिक पहल से जोड़ना भी जरूरी होगा।
हर खबर पर रहेगी हमारी नजर।

संस्कृति केवल अतीत की याद नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए पहचान और दिशा भी है।
युवा अपनी भाषा, परंपरा, इतिहास और प्राकृतिक विरासत को जानें और उसका सम्मान करें।
जल, जंगल और जमीन की रक्षा में जागरूक नागरिक की भूमिका निभाएं।
अधिकारों के साथ जिम्मेदारियों को समझना ही मजबूत समाज की आधारशिला है।

ऐसे आयोजनों से मिले विचारों को अपने परिवार और समुदाय तक पहुंचाएं। अपनी राय कमेंट में साझा करें, खबर को दूसरों तक पहुंचाएं और आदिवासी संस्कृति, अधिकारों तथा प्रकृति संरक्षण से जुड़े संवाद को आगे बढ़ाने में भागीदार बनें।

जोहार
Jharnet
Jharkhand State Wide Area Network

Media Effects

सेंट जेवियर्स कॉलेज में विश्व आदिवासी दिवस पर हुआ कार्यक्रम

संस्कृति, परंपरा और जल-जंगल-जमीन आदिवासी समाज की पहचान : ग्लैडसन डुंगडुंग

कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राएं व शिक्षक.

सेंट जेवियर्स कॉलेज में विश्व आदिवासी दिवस पर भव्य कार्यक्रम, ग्लैडसन डुंगडुंग ने रखे विचार

प्रातः आवाज

सिमडेगाः- सेंट जेवियर्स कॉलेज, सिमडेगा में शनिवार को विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कॉलेज हॉल में आयोजित कार्यक्रम में आदिवासी समाज की पहचान, संस्कृति, परंपरा, अधिकार और जल-जंगल-जमीन के संरक्षण जैसे विषयों पर चर्चा हुई।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता मानवाधिकार कार्यकर्ता और आदिवासी मुद्दों के विशेषज्ञ ग्लैडसन डुंगडुंग ने आदिवासी समाज की ऐतिहासिक विरासत और अधिकारों पर अपने विचार रखे। उन्होंने युवाओं से अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने तथा संगठित होकर सामाजिक बदलाव की दिशा में आगे बढ़ने का आह्वान किया। उन्होंने जल, जंगल और जमीन के संरक्षण को आदिवासी समाज के अस्तित्व और पहचान से जोड़ते हुए इसके प्रति सजग रहने की बात कही।कार्यक्रम का आयोजन सेंट जेवियर्स कॉलेज के एसटी/एससी सेल, इंडिजिनस क्लब एवं आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।कार्यक्रम के माध्यम से आदिवासी संस्कृति और परंपराओं को संरक्षित करने तथा युवा पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने का संदेश दिया गया।मौके पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. फादर रोशन बा, उप प्राचार्य फादर ब्रूनो टोप्पो, डॉ. फादर सुशील बिलुंग, एसटी/एससी सेल के समन्वयक डॉ. सुनील केरकेट्टा सहित सेल के सदस्य जस्टिन सोरेंग, जेसिका निधि तिग्गा, बिपिन मिंज, निशी तिर्की तथा कॉलेज के अन्य सहायक प्राध्यापक उपस्थित रहे। इनमें डॉ. जयंत कुमार कश्यप, डॉ. अनिरुद्ध प्रसाद, डॉ. निशा रानी धनवार, लिपिका सुबीर, अनामिका रुण्डा, अदिति प्रसाद, प्रतिमा परधिया, डॉ. राधा महली, रोशन गिद्ध, एनी सोरेंग, ईशान तिरु और इशिता तिरु शामिल थे।कार्यक्रम में "हमारी संस्कृति–हमारा गौरव, हमारे अधिकार–हमारी पहचान" और "एकता में शक्ति–यही है हमारी शान" जैसे संदेशों के माध्यम से आदिवासी समाज की एकता, संस्कृति और पहचान को सहेजने का आह्वान किया गया।

क्विक बाइट्स

सेंट जेवियर कॉलेज में विशेष कार्यक्रम आज

सिमडेगा. सेंट जेवियर कॉलेज सिमडेगा में विश्व आदिवासी दिवस पर शनिवार को विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा. कार्यक्रम का आयोजन कॉलेज के एसटी/एससी सेल, इंडिजिनस क्लब व आइक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है. कार्यक्रम का विषय आदिवासी अस्तित्व, संस्कृति और अधिकार हमारी पहचान, हमारा अभियान रखा गया है. कार्यक्रम में मानवाधिकार कार्यकर्ता, प्रसिद्ध लेखक एवं आदिवासी कार्यकर्ता ग्लैडसन डुंगडुंग वक्ता के रूप में अपने विचार रखेंगे. कार्यक्रम का आयोजन सुबह 10 बजे से सेंट जेवियर कॉलेज के कॉलेज हॉल में किया जायेगा. आयोजन का उद्देश्य आदिवासी समाज के अस्तित्व, संस्कृति, अधिकार, पहचान और सामाजिक सरोकारों पर चर्चा करना है. कॉलेज की ओर से विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों, शिक्षकों समेत अन्य लोगों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की गयी है.

सेंट जेवियर्स कॉलेज में विश्व आदिवासी दिवस पर भव्य कार्यक्रम आयोजित

पब्लिक विज़न संवाददाता

सिमडेगाः- सेंट जेवियर्स कॉलेज, सिमडेगा में शनिवार को विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कॉलेज हॉल में आयोजित कार्यक्रम में आदिवासी समाज की पहचान, संस्कृति, परंपरा, अधिकार और जल-जंगल-जमीन के संरक्षण जैसे विषयों पर चर्चा हुई।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता मानवाधिकार कार्यकर्ता और आदिवासी मुद्दों के विशेषज्ञ ग्लैडसन डुंगडुंग ने आदिवासी समाज की ऐतिहासिक विरासत और अधिकारों पर अपने विचार रखे। उन्होंने युवाओं से अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने तथा संगठित होकर सामाजिक बदलाव की दिशा में आगे बढ़ने का आह्वान किया। उन्होंने जल, जंगल और जमीन के संरक्षण को आदिवासी समाज के अस्तित्व और पहचान से जोड़ते हुए इसके प्रति सजग रहने की बात कही। कार्यक्रम का आयोजन सेंट जेवियर्स कॉलेज के एसटी/एससी सेल, इंडिजिनस क्लब एवं आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।कार्यक्रम के माध्यम से आदिवासी संस्कृति और परंपराओं को संरक्षित करने तथा युवा पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने का संदेश दिया गया।मौके पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. फादर रोशन बा, उप प्राचार्य फादर ब्रूनो टोप्पो, डॉ. फादर सुशील बिलुंग, एसटी/एससी सेल के समन्वयक डॉ. सुनील केरकेट्टा सहित सेल के सदस्य जस्टिन सोरेंग, जेसिका निधि तिग्गा, बिपिन मिंज, निशी तिर्की तथा कॉलेज के अन्य सहायक प्राध्यापक उपस्थित रहे। इनमें डॉ. जयंत कुमार कश्यप, डॉ. अनिरुद्ध प्रसाद, डॉ. निशा रानी धनवार, लिपिका सुबीर, अनामिका रुण्डा, अदिति प्रसाद, प्रतिमा परधिया, डॉ. राधा महली, रोशन गिद्ध, एनी सोरेंग, ईशान तिरु और इशिता तिरु शामिल थे।कार्यक्रम में "हमारी संस्कृति–हमारा गौरव, हमारे अधिकार–हमारी पहचान" और "एकता में शक्ति–यही है हमारी शान" जैसे संदेशों के माध्यम से आदिवासी समाज की एकता, संस्कृति और पहचान को सहेजने का आह्वान किया गया।

सेंट जेवियर्स कॉलेज में विश्व आदिवासी दिवस पर कार्यक्रम

जोहर झारखंड/संवाददाता।

सिमडेगा। सेंट जेवियर्स कॉलेज, सिमडेगा में शनिवार को विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कॉलेज हॉल में आयोजित कार्यक्रम में आदिवासी समाज की पहचान, संस्कृति, परंपरा, अधिकार तथा जल-जंगल-जमीन के संरक्षण पर चर्चा हुई। मुख्य अतिथि एवं वक्ता मानवाधिकार कार्यकर्ता व आदिवासी मुद्दों के विशेषज्ञ ग्लैडसन डुंगडुंग ने आदिवासी समाज की ऐतिहासिक विरासत और अधिकारों पर विचार रखे। उन्होंने युवाओं से अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने और संगठित होकर सामाजिक बदलाव की दिशा में आगे बढ़ने की अपील की। उन्होंने जल, जंगल और जमीन के संरक्षण को आदिवासी समाज के अस्तित्व और पहचान से जोड़ते हुए सजग रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम का आयोजन कॉलेज के एसटी/एससी सेल, इंडिजिनस क्लब एवं आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में हुआ। कार्यक्रम के माध्यम से आदिवासी संस्कृति और परंपराओं को संरक्षित करने तथा युवा पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने का संदेश दिया गया। मौके पर प्राचार्य डॉ. फादर रोशन बा, उप प्राचार्य फादर ब्रूनो टोप्पो, डॉ. फादर सुशील बिलुंग, एसटी/एससी सेल के समन्वयक डॉ. सुनील केरकेट्टा, सदस्य जस्टिन सोरेंग, जेसिका निधि तिग्गा, बिपिन मिंज, निशी तिर्की सहित सहायक प्राध्यापक डॉ. जयंत कुमार कश्यप, डॉ. अनिरुद्ध प्रसाद, डॉ. निशा रानी धनवार, लिपिका सुबीर, अनामिका रुण्डा, अदिति प्रसाद, प्रतिमा परधिया, डॉ. राधा महली, रोशन गिद्ध, एनी सोरेंग, ईशान तिरु और इशिता तिरु उपस्थित रहे।

संत जेवियर कॉलेज सिमडेगा में एंटी रैगिंग दिवस-सप्ताह का शुभारंभ, विद्यार्थियों ने ली रैगिंग विरोधी शपथ

प्रातः आवाज

सिमडेगाः- संत जेवियर कॉलेज सिमडेगा के कॉलेज हाल में एंटी रैगिंग सेल संत जेवियर कॉलेज द्वारा एंटी रैगिंग दिवस सप्ताह का विधिवत उद्घाटन एवं एंटी रैगिंग शपथ समारोह का आयोजन किया गया । कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ की गई । एंटी रैगिंग सेल की समन्वयक डॉक्टर राधा माहली द्वारा अतिथियों एवं विद्यार्थियों के लिए स्वागत भाषण किया गया और उनके द्वारा एंटी रैगिंग क्या है एंटी रैगिंग कमेटी एवं एंटी रैगिंग सेल उसकी कार्य प्रणाली की जानकारी दी गई ।कार्यक्रम में अतिथि के रूप में फादर डॉक्टर रोशन बा, फादर डॉक्टर फादर ब्रूनो टोप्पो ,फादर डॉक्टर सुशील बिलुंग, फादर डॉक्टर समीर जेवियर भेंगरा, IQAC कोऑर्डिनेटर असिस्टेंट प्रोफेसर रेनी लकड़ा और अन्य प्राध्यापक गण तथा विद्यार्थी गण उपस्थित थे । इस कार्यक्रम को सफल बनाने में छात्र संघ के छात्रों और राष्ट्रीय सेवा योजना संत जेवियर कॉलेज के छात्रों का महत्वपूर्ण योगदान रहा । फादर प्राचार्य डॉक्टर रोशन बा ने विधिवत आगामी रैगिंग सप्ताह के दौरान आयोजित की जाने वाली गतिविधियों की जानकारी दी । आगामी 1 सप्ताह में महाविद्यालय परिसर में स्लोगन लेखन ,पोस्टर निर्माण ,कविता एवं निबंध लेखन ,रील निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा इसके अलावा रैगिंग विरोधी शैक्षणिक लघु फिल्म का प्रदर्शन एवं नुक्कड़ नाटक का प्रस्तुतीकरण भी किया जाएगा । उन्होंने कहा विद्यार्थियों को खुद का आत्म सम्मान करना चाहिए और दूसरों के आत्म सम्मान का भी ध्यान रखना चाहिए । उन्होंने कहा कि एंटी रैगिंग सप्ताह मनाने का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में सम्मान सहानुभूति ,मित्रता, जिम्मेदारी, करुणा और आपसी समझ जैसे मूल्यों को बढ़ावा देना है जिसके माध्यम से विद्यार्थियों को अपने विचार व्यक्त करने तथा रैगिंग मुक्त परिसर के निर्माण में अपनी भूमिका को समझने का अवसर मिलेगा ।उन्होंने रैगिंग के प्रकार एवं रैगिंग करने के परिणामों पर भी प्रकाश डाला ।कार्यक्रम का समापन विद्यार्थियों द्वारा एंटी रैगिंग शपथ एवं राष्ट्रगान के द्वारा किया गया । कार्यक्रम में मंच का संचालन तान्या डुंग डुंग राजनीति शास्त्र सेमेस्टर 3 की छात्रा तथा धन्यवाद ज्ञापन मीनू कुमारी अर्थशास्त्र सेमेस्टर 4 की छात्रा द्वारा किया गया । इस कार्यक्रम को सफल बनाने में छात्र संघ के छात्रों अध्यक्ष अंश कुमार , उपाध्यक्ष आशीष , सचिव तान्या डुंग डुंग और सहेली , मीनू कुमारी, डुंग डुंग ,रितेश लकड़ा और कोंपल बरवा आदि विद्यार्थियों का महत्वपूर्ण सहयोग एवं योगदान रहा ।

हिन्दुस्तान

हिन्दुस्तान www.livehindustan.com **अपना सिमडेगा**

संत जेवियर कॉलेज में एंटी रैगिंग सप्ताह का आगाज, सभी का सम्मान करने को कहा

नए विद्यार्थियों के मार्गदर्शक और सहयोगी बनें सीनियर: फा. रोशन

- रैगिंग के कानूनी परिणामों की दी जानकारी
- विद्यार्थियों ने ली रैगिंग मुक्त परिसर की शपथ

संत जेवियर कॉलेज सिमडेगा में बुधवार को शपथ लेते छात्र। • हिन्दुस्तान

सिमडेगा, प्रतिनिधि। संत जेवियर कॉलेज सिमडेगा में बुधवार को एंटी रैगिंग सप्ताह 2026 का उद्घाटन किया गया। कॉलेज सभागार में आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके बाद विद्यार्थियों ने एंटी रैगिंग की शपथ लेकर कॉलेज परिसर को रैगिंग मुक्त बनाने का संकल्प लिया।

मौके पर प्राचार्य डॉ. फा. रोशन चा ने कहा कि सीनियर होना जूनियर को डराने या परेशान करने का अधिकार नहीं देता। सीनियर विद्यार्थियों को नए विद्यार्थियों का मार्गदर्शक और सहयोगी बनना चाहिए। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को अपने आत्मसम्मान के साथ-साथ दूसरों के सम्मान का भी ध्यान रखना चाहिए। रैगिंग से किसी विद्यार्थी के आत्मविश्वास और मानसिक स्थिति पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। इसलिए, कॉलेज में ऐसा वातावरण बनाया जाना चाहिए, जहां हर विद्यार्थी खुद को सुरक्षित और सम्मानित महसूस करे।

उन्होंने कहा कि एंटी रैगिंग सप्ताह मनाने का उद्देश्य केवल रैगिंग के खिलाफ जानकारी देना नहीं बल्कि विद्यार्थियों में सम्मान, सहानुभूति, मित्रता, जिम्मेदारी, करुणा और आपसी समझ जैसे मानवीय मूल्यों को मजबूत करना है। उप प्राचार्य फा. डॉ. बुनो टोपनो ने रैगिंग के विभिन्न रूपों और इसके कानूनी परिणामों की भी जानकारी दी। एंटी रैगिंग सेल की समन्वयक डॉ. राधा माहली ने स्वागत भाषण में एंटी रैगिंग, एंटी रैगिंग कमेटी और सेल की कार्यप्रणाली की जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों से किसी भी प्रकार की रैगिंग की घटना होने पर तत्काल इसकी सूचना संबंधित पदाधिकारियों को देने की अपील की। कार्यक्रम के तहत आगामी एक सप्ताह तक कॉलेज में स्लोगन लेखन, पोस्टर निर्माण, कविता एवं निबंध लेखन तथा रोल निर्माण प्रतियोगिता आयोजित की जाएंगी। इसके अलावा रैगिंग विरोधी शैक्षणिक लघु फिल्म का प्रदर्शन और नुक्कड़ नाटक भी होगा।

संत जेवियर कॉलेज में एंटी रैगिंग दिवस सप्ताह का शुभारंभ

सम्पूर्ण भारत संवाददाता

सिमडेगा संत जेवियर कॉलेज सिमडेगा में बुधवार को एंटी रैगिंग सेल की ओर से एंटी रैगिंग दिवस सप्ताह का उद्घाटन एवं शपथ समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई। एंटी रैगिंग सेल की समन्वयक डॉ. राधा माहली ने स्वागत भाषण देते हुए रैगिंग, एंटी रैगिंग कमेटी और सेल की कार्यप्रणाली की जानकारी दी।

मुख्य अतिथि फादर डॉ. रोशन चा ने अगामी सप्ताह में होने वाली गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कॉलेज परिसर में स्लोगन लेखन, पोस्टर निर्माण, कविता एवं निबंध लेखन और रोल निर्माण प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। इसके अलावा रैगिंग विरोधी लघु फिल्म का प्रदर्शन और नुक्कड़ नाटक भी किया जाएगा। फादर डॉ. रोशन का ने कहा कि विद्यार्थियों को अपने साथ-साथ दूसरों के आत्मसम्मान का भी ध्यान रखना चाहिए। एंटी रैगिंग सप्ताह का उद्देश्य विद्यार्थियों में सम्मान, सहानुभूति, मित्रता, जिम्मेदारी और आपसी समरस जैसे मूल्यों को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में फादर डॉ. बुनो टोपनो, फादर डॉ. सुशील बिलिंग, फादर डॉ. समीर जेवियर भंवरा, IQAC समन्वयक रेनो लकड़ा सहित शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। अंत में विद्यार्थियों ने एंटी रैगिंग शपथ ली और राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

अर्थशास्त्र विभाग ने अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस मनाया

कार्यक्रम में शामिल अतिथि.

प्रतिनिधि.सिमडेगा

सेंट जेवियर्स कॉलेज सिमडेगा के अर्थशास्त्र विभाग द्वारा अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस पर विशेष व्याख्यान तथा पोस्टर मेकिंग कंपटीशन का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की शुरुआत विभागाध्यक्ष जेसिका निधि तिग्गा के स्वागत भाषण से हुई. विशेष व्याख्यान में कॉलेज के भूतपूर्व विद्यार्थी रहे और कॉलेज में नियुक्त सहायक प्राध्यापक नारायण साई, प्यारी कुल्लू और अदिति प्रसाद द्वारा छात्रों को अपने व्यक्तिगत और पेशेवर जीवन में आने वाले संघर्ष और वर्तमान जीवन की चुनौतियों का सामना करने और अपने जीवन के लिए उचित दोस्ती के चयन को अपने जीवन के सफलता का सूत्र बताया. कार्यक्रम में सेमेस्टर तीन और चार की विद्यार्थियों ने पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में भाग लिया. कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापक जेसिका निधि तिग्गा, सहायक प्राध्यापक ईशान तिरु, डॉ अनिरुद्ध प्रसाद, डॉ राधा महली, डॉ निशा रानी धनवार, अजय कुमार, रोशन किशोर गिद्ध, जस्टीन सोरेंग आदि उपस्थित थे.

Media Effects

सेंट जेवियर्स कॉलेज में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस

सम्पूर्ण भारत संवाददाता

सिमडेगा सेंट जेवियर्स कॉलेज सिमडेगा के अर्थशास्त्र एवं पॉलिटिकल साइंस विभाग की ओर से अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर क्विज़, व्याख्यान एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विभागाध्यक्ष जैसिका निशि तिग्गा के स्वागत भाषण से हुई। क्विज़ व्याख्यान में कॉलेज के पूर्व विद्यार्थी एवं वर्तमान सहायक प्राध्यापक नारायण साहू, प्यारी कुल्लू और अदिति प्रसाद ने विद्यार्थियों को व्यक्तिगत एवं पेशेवर जीवन में आने वाली चुनौतियों और संघर्षों का सामना करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने सफलता के लिए सकारात्मक सोच, सही निर्णय और अच्छे मित्रों का चयन महत्वपूर्ण बताया। इस अवसर पर सेमेस्टर-3 और 4 के विद्यार्थियों ने पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में भाग लिया। कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापक ईशान तिर्क, डॉ. अनिरुद्ध प्रसाद, डॉ. राधा माहली, डॉ. निशा रानी धनवार, अजय कुमार, रोशन किसोर गिद्ध, चस्टीन सोरेंग सहित पॉलिटिकल साइंस विभाग के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

एनसीसी कैडेट्स ने निकाली तिरंगा यात्रा

सिमडेगा. संत जेवियर कॉलेज सिमडेगा के एनसीसी कैडेट्स ने बुधवार को तिरंगा यात्रा निकाली. इस दौरान एनसीसी कैडेट्स निर्धारित ड्रेस में तिरंगा लहराते हुए भारत माता की जय के जयघोष लगाये, जिससे पूरा माहौल देशभक्ति से ओत-प्रोत हो गया. तिरंगा यात्रा में शामिल कैडेट्स कॉलेज परिसर से निकलकर कोनमेजरा मुख्य सड़क तक गयी. फिर उसी रास्ते से गुजरते हुए कॉलेज पहुंची. तिरंगा यात्रा के माध्यम से एनसीसी कैडेट्स ने देश के प्रति सम्मान, एकता व राष्ट्रप्रेम का संदेश दिया. यात्रा में शामिल कैडेट्स का उत्साह देखते बन रहा था. कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में देशभक्ति की भावना को मजबूत करना और राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान की भावना जागृत करना रहा.

Media Effects

हिन्दुस्तान

संत जेवियर्स कॉलेज में प्रथम बैच के नवागंतुक विद्यार्थियों का किया गया स्वागत

सफलता के लिए हमेशा अपनी अंतरात्मा की ही सुनें: प्राचार्य

सिमडेगा, प्रतिनिधि। संत जेवियर्स कॉलेज सिमडेगा में स्नातक स्नातकोत्तर प्रथम वर्ष एवं बी.एससी. के प्रथम बैच के नवागंतुक विद्यार्थियों के लिए स्वागत सह ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दीप प्रज्वलन एवं प्रार्थना गीत के साथ शुरू हुए कार्यक्रम में नए विद्यार्थियों के चेहरे पर उत्साह और भविष्य को लेकर नई उम्मीद साफ नजर आई।

प्राचार्य फादर रोशन बा: ने कहा कि कॉलेज जीवन केवल डिग्री हासिल करने का माध्यम नहीं बल्कि अपने व्यक्तित्व, सोच और सपनों को पहचानने का महत्वपूर्ण दौर है। सफलता के लिए केवल दूसरों की सलाह पर नहीं बल्कि अपनी अंतरात्मा की आवाज पर भी भरोसा करें। मेहनत, अनुशासन और सकारात्मक सोच को जीवन का हिस्सा बनाकर विद्यार्थी अपने लक्ष्य को निश्चित रूप से हासिल कर सकते हैं। वहीं उप-प्राचार्य फादर समीर जेवियर भंवरा ने विद्यार्थियों को कॉलेज में उपलब्ध शैक्षणिक संसाधनों, सुविधाओं एवं विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी।

उप प्राचार्य सह बरसर फादर ब्रूनो टोप्पो ने विद्यार्थियों को रचनात्मक सोच अपनाने और नई कल्पनाओं को अवसर देने का संदेश दिया। आईक्यूएसी संयोजिका प्रो. रैनी अल्मा लकड़ा ने विद्यार्थियों को विषयवार प्राध्यापकों से परिचित कराया। सहायक प्राध्यापक जेसिका निधि तिग्गा ने पाठ्यक्रम, क्रेडिट सिस्टम और मूल्यांकन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी।

सिमडेगा के संत जेवियर्स कॉलेज में मंचासीन रेक्टर फा पीयूस खलखो, प्राचार्य डॉ फा रोशन बा: व अन्य। • हिन्दुस्तान

शिक्षा हर व्यक्ति को बेहतर इंसान बनाती है

फादर रेक्टर पियूस खलखो ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल नौकरी प्राप्त करना नहीं है। शिक्षा व्यक्ति को बेहतर इंसान बनाने का काम करती है। उन्होंने विद्यार्थियों से नैतिक मूल्यों, चरित्र निर्माण और सामाजिक जिम्मेदारियों को समझने की अपील की। एनओ रोशन किशोर गिद्ध के नेतृत्व में प्रथम बैच के कैडेट्स को रैंक वितरण सह प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। संचालन सहायक प्राध्यापक लिपिका सुबीर व प्रतिमा परधिया ने किया। सहायक प्राध्यापक निम्मी टोपनो ने धन्यवाद ज्ञापन किया। राष्ट्रगान से कार्यक्रम संपन्न हुआ।

सेंट जेवियर्स कॉलेज, सिमडेगा में तिरंगा यात्रा का सफल आयोजन

सम्पूर्ण भारत संवाददाता

सिमडेगा, राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई, सेंट जेवियर्स कॉलेज, सिमडेगा द्वारा सोमवार को देशभक्ति एवं राष्ट्रीय एकता की भावना को समर्पित तिरंगा यात्रा का सफल आयोजन किया गया। तिरंगा यात्रा महाविद्यालय के मुख्य द्वार से प्रारंभ होकर कॉलेज मोड़ तक निकाली गई। यात्रा में महाविद्यालय के विद्यार्थियों एवं शिक्षकगणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। हाथों में तिरंगा लेकर विद्यार्थियों ने देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता एवं राष्ट्रप्रेम का संदेश दिया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में एनएसएस समन्वयक डॉ. निशा रानी धनवार एवं प्रो. जस्टिन सोरेंग की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उनके मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह, अनुशासन एवं समर्पण के साथ तिरंगा यात्रा में सहभागिता की। यात्रा के दौरान विद्यार्थियों में देशभक्ति का उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रप्रेम, राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान, एकता एवं सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करना था। एनएसएस इकाई के सफल प्रयास एवं विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता से तिरंगा यात्रा गरिमापूर्ण एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुई

सफलता पाने के लिए अंतरात्मा की सुनें : प्राचार्य

सिमडेगा. सेंट जेवियर्स कॉलेज सिमडेगा में स्नातक, स्नातकोत्तर व बीएससी के प्रथम बैच के नये विद्यार्थियों के लिए स्वागत सह ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं प्रार्थना गीत के साथ हुई. प्राचार्य फादर रोशन बा ने कहा कि कॉलेज जीवन सीखने और स्वयं को पहचानने का सुनहरा अवसर है. उन्होंने विद्यार्थियों को मेहनत और अनुशासन का मार्ग अपनाने की प्रेरणा दी. कहा कि सफलता के लिए अपनी अंतरात्मा की सुनो. फादर रेक्टर पीयूष खलखो ने शिक्षा के साथ-साथ नैतिक मूल्यों, चरित्र निर्माण और सामाजिक उत्तरदायित्व पर बल दिया. उपप्राचार्य फादर समीर जेवियर भंवरा ने छात्रों को कॉलेज में उपलब्ध संसाधनों व सुविधाओं की जानकारी प्रदान की. फादर ब्रूनो टोप्पो ने विद्यार्थियों में रचनात्मकता और नयी सोच विकसित करने का आह्वान किया. आइक्यूएसी संयोजिका प्रो रैनी अल्मा लकड़ा ने नये विद्यार्थियों को विषय संबंधित प्राध्यापकों से अवगत कराया. सहायक प्राध्यापक जेसिका निधि तिग्गा ने पाठ्यक्रम की रूपरेखा, क्रेडिट सिस्टम और मूल्यांकन प्रक्रिया की जानकारी दी. एएनओ रोशन किशोर गिद्ध की अगुवाई में प्रथम बैच के कैडेट्स को रैंक वितरण सह प्रमाण पत्र प्राचार्य एवं फादर रेक्टर के हाथों से प्रदान गया. संचालन सहायक प्राध्यापक लिपिका सुबीर तथा प्रतिमा परधिया द्वारा किया गया. कार्यक्रम का समापन सहायक प्राध्यापक निम्मी टोपनो के धन्यवाद ज्ञापन और राष्ट्रगान के साथ हुआ.

देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता व राष्ट्रप्रेम का दिया संदेश

सिमडेगा. सेंट जेवियर्स कॉलेज सिमडेगा के राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) ने सोमवार को देशभक्ति व राष्ट्रीय एकता की भावना को समर्पित तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया. तिरंगा यात्रा महाविद्यालय के मुख्य द्वार से शुरू होकर कॉलेज मोड़ तक निकाली गयी. यात्रा में महाविद्यालय के विद्यार्थियों व शिक्षकों ने हाथों में तिरंगा लेकर विद्यार्थियों ने देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता व राष्ट्रप्रेम का संदेश दिया. कार्यक्रम के सफल आयोजन में एनएसएस समन्वयक डॉ निशा रानी धनवार व प्रो जस्टिन सोरेंग की महत्वपूर्ण भूमिका रही. उनके मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने उत्साह, अनुशासन व समर्पण के साथ तिरंगा यात्रा में सहभागिता की. यात्रा के दौरान विद्यार्थियों में देशभक्ति का उत्साह देखने को मिला. कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रप्रेम, राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान, एकता व सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करना था. एनएसएस इकाई के सफल प्रयास व विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता से तिरंगा यात्रा गरिमापूर्ण व सफलतापूर्वक संपन्न हुई.

सिमडेगा के सेंट जेवियर्स कॉलेज में ओरिएंटेशन-सह-फ्रेशर्स प्रोग्राम आयोजित

सम्पूर्ण भारत संवाददाता

सिमडेगा सिमडेगा के सेंट जेवियर्स कॉलेज के भूगोल विभाग ने मंगलवार को कॉलेज के सेमिनार हॉल में सत्र 2026–2030 के U.G. सेमेस्टर I में नए दाखिला लेने वाले छात्रों के लिए एक ओरिएंटेशन-सह-फ्रेशर्स प्रोग्राम आयोजित किया। यह प्रोग्राम विभाग के सीनियर छात्रों द्वारा नए छात्रों का गर्मजोशी से स्वागत करने और उन्हें विभाग के शैक्षणिक और सह-पाठ्यचर्या (co-curricular) माहौल से परिचित कराने के लिए आयोजित किया गया था।

इस प्रोग्राम का संचालन U.G. सेमेस्टर IV (सत्र 2023–27) की छात्रा पूर्णिमा डांग ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत फैकल्टी सदस्यों द्वारा दीप प्रज्वलित करके की गई. इनमें HOD और असिस्टेंट प्रोफेसर हेम्ब्रोम मार्सेल, असिस्टेंट प्रोफेसर-सह-IQAC कोऑर्डिनेटर रेनी अल्मा लकड़ा, असिस्टेंट प्रोफेसर प्रदीप एडवर्ड एक्का, असिस्टेंट प्रोफेसर नारायण साई और लैब असिस्टेंट संदीप रोशन कुल्लू शामिल थे. इसके बाद नए छात्रों का परिचय प्रोफेसरों और सीनियर छात्रों से कराया गया।

U.G. सेमेस्टर II की छात्रा ईवीता ने पिछले साल के अपने अनुभव साझा किए और नए छात्रों को शैक्षणिक और सह-पाठ्यचर्या गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि छात्रों को गलतियाँ करने से डरना नहीं चाहिए और उन्हें अपने प्रोफेसरों से शैक्षिक सुझाव और मार्गदर्शन लेना चाहिए।

HOD असिस्टेंट प्रोफेसर हेम्ब्रोम मार्सेल ने छात्रों को सलाह दी कि वे अपने शिक्षकों का सम्मान करें, पाठ्यचर्या और पाठ्यचर्या-बाहर की गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लें और ज़िम्मेदारी के साथ अपनी कॉलेज लाइफ का आनंद लें।

असिस्टेंट प्रोफेसर-सह-IQAC कोऑर्डिनेटर रेनी अल्मा लकड़ा ने छात्रों को अपने प्रोफेसरों को जानने, ऑनर्स विषय के रूप में भूगोल के महत्व को समझने और विभागीय व कॉलेज की गतिविधियों में मिलकर काम करने के बारे में मार्गदर्शन दिया।

कार्यक्रम सकारात्मक माहौल में संपन्न हुआ, जिससे नए छात्र अपनी शैक्षणिक यात्रा शुरू करने के लिए प्रेरित और आत्मविश्वास से भरे हुए महसूस कर रहे थे।

Media Effects

सेंट जेवियर्स कॉलेज, सिमडेगा में तिरंगा यात्रा का सफल आयोजन

प्रातः आवाज

सिमडेगा:- राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई, सेंट जेवियर्स कॉलेज, सिमडेगा द्वारा सोमवार को देशभक्ति एवं राष्ट्रीय एकता की भावना को समर्पित तिरंगा यात्रा का सफल आयोजन किया गया।तिरंगा यात्रा महाविद्यालय के मुख्य द्वार से प्रारंभ होकर कॉलेज मोड़ तक निकाली गई। यात्रा में महाविद्यालय के विद्यार्थियों एवं शिक्षकगणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। हाथों में तिरंगा लेकर विद्यार्थियों ने देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता एवं राष्ट्रप्रेम का संदेश दिया।कार्यक्रम के सफल आयोजन में एनएसएस समन्वयक डॉ. निशा रानी धनवार एवं प्रो. जस्टिन सोरेंग की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उनके मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह, अनुशासन एवं समर्पण के साथ तिरंगा यात्रा में सहभागिता की।यात्रा के दौरान विद्यार्थियों में देशभक्ति का उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रप्रेम, राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान, एकता एवं सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करना था।एनएसएस इकाई के सफल प्रयास एवं विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता से तिरंगा यात्रा गरिमापूर्ण एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुई।

प्रातः आवाज

सिमडेगा/गुमला

सिमडेगा के सेंट जेवियर्स कॉलेज में ओरिएंटेशन-सह-फ्रेशर्स प्रोग्राम आयोजित

प्रातः आवाज

सिमडेगा :- सेंट जेवियर्स कॉलेज के भूगोल विभाग ने मंगलवार को कॉलेज के सेमिनार हॉल में सत्र 2026-2030 के U.G. सेमेस्टर I में नए दाखिला लेने वाले छात्रों के लिए एक ओरिएंटेशन-सह-फ्रेशर्स प्रोग्राम आयोजित किया। यह प्रोग्राम विभाग के सीनियर छात्रों द्वारा नए छात्रों का गर्मजोशी से स्वागत करने और इन्हें विभाग के शैक्षणिक और सह-पाठ्यचर्या (co-curricular) माहौल से परिचित कराने के लिए आयोजित किया गया था।इस प्रोग्राम का संचालन U.G. सेमेस्टर IV (सत्र 2023-27) की छात्रा पूर्णिमा डांग ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत फैकल्टी सदस्यों द्वारा दीप प्रज्वलित करके की गई। इनमें HOD और असिस्टेंट प्रोफेसर हेम्ब्रोम मार्सेल, असिस्टेंट प्रोफेसर-सह-IQAC कोऑर्डिनेटर रेनी अल्मा लकड़ा, असिस्टेंट प्रोफेसर प्रदीप एडवर्ड एक्का, असिस्टेंट प्रोफेसर नारायण साई और लैब असिस्टेंट संदीप रोशन कुल्लू शामिल थे। इसके बाद नए छात्रों का परिचय प्रोफेसरों और सीनियर छात्रों से कराया गया।U.G. सेमेस्टर II की छात्रा इंजील ने पिछले साल के अपने अनुभव साझा किए और नए छात्रों को शैक्षणिक और सह-पाठ्यचर्या गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि छात्रों को गलतियाँ करने से डरना नहीं चाहिए और उन्हें अपने प्रोफेसरों से बेझिझक सुझाव और मार्गदर्शन लेना चाहिए।HOD असिस्टेंट प्रोफेसर हेम्ब्रोम मार्सेल ने छात्रों को सलाह दी कि वे अपने शिक्षकों का सम्मान करें, पाठ्यचर्या और पाठ्यचर्या-बाहर की गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लें और जिम्मेदारी के साथ अपनी कॉलेज लाइफ का आनंद लें।असिस्टेंट प्रोफेसर-सह-IQAC कोऑर्डिनेटर रेनी अल्मा लकड़ा ने छात्रों को अपने प्रोफेसरों को जानने, ऑनर्स विषय के रूप में भूगोल के महत्व को समझने और विभागीय व कॉलेज की गतिविधियों में मिलकर काम करने के बारे में मार्गदर्शन दिया।कार्यक्रम सकारात्मक माहौल में संपन्न हुआ, जिससे नए छात्र अपनी शैक्षणिक यात्रा शुरू करने के लिए प्रेरित और आत्मविश्वास से भरे हुए महसूस कर रहे थे।

खेल प्रतिभाओं को किया सम्मानित

प्रतिनिधि, सिमडेगा

- राष्ट्रीय खेल दिवस पर संत जेवियर्स कॉलेज में खेलो इंडिया संवाद आयोजित

संत जेवियर्स कॉलेज सिमडेगा में राष्ट्रीय खेल दिवस पर मेरा युवा भारत व खेलो इंडिया के तहत खेलो इंडिया संवाद खेल की बात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में किया गया. कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना की समन्वयक सहायक प्राध्यापक डॉ निशा रानी धनवार व सहायक प्राध्यापक जस्टिन सोरेंग की महत्वपूर्ण भूमिका रही.

कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को खेल, फिटनेस, अनुशासन, टीम भावना एवं स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक व प्रेरित करना था. मुख्य अतिथि के रूप में उप प्राचार्य व बर्सर फादर ब्रूनो टोप्पो उपस्थित थे. उन्होंने विद्यार्थियों को खेल संस्कृति को बढ़ावा देने तथा खेल के क्षेत्र में अनुशासन के महत्व के बारे में बताया. उन्होंने कहा कि अनुशासित, स्वस्थ और जागरूक युवा ही देश के उज्वल भविष्य की आधारशिला हैं. महाविद्यालय के खेल प्रतिभा संजीत एक्का व अनमोल टोप्पो को सम्मानित किया गया. उन्होंने अपने-अपने खेल क्षेत्र के अनुभव विद्यार्थियों के साथ साझा किया. उन्होंने खेलों के दौरान आने वाली चुनौतियों, अनुशासन, निरंतर अभ्यास व मेहनत के महत्व के बारे में विद्यार्थियों को बताया. कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन का सीधा प्रसारण देखा गया. प्रधानमंत्री ने युवाओं को खेलों से जुड़ने, फिटनेस को अपने जीवन का हिस्सा बनाने तथा खेलों के माध्यम से देश के विकास में योगदान देने के लिए प्रेरित किया. कार्यक्रम में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ की समन्वयक सहायक प्राध्यापक रैनी अल्मा लकड़ा, परीक्षा नियंत्रक प्रो जेसिका, प्रो प्यारी, प्रो प्रतिमा सहित अन्य प्राध्यापक व महाविद्यालय के विद्यार्थी उपस्थित थे. कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने नशामुक्त भारत की प्रतिज्ञा ली तथा युवाओं को नशे से दूर रहने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया.

सेंट जेवियर्स कॉलेज में ओरिएंटेशन सह फ्रेशर्स कार्यक्रम का आयोजन

प्रतिनिधि, सिमडेगा

सेंट जेवियर्स कॉलेज सिमडेगा के भूगोल विभाग ने मंगलवार को कॉलेज के सेमिनार हॉल में सत्र 2026-2030 के यूजी सेमेस्टर वन में नये दाखिला लेने वाले छात्रों के लिए ओरिएंटेशन सह फ्रेशर्स कार्यक्रम का आयोजन किया. कार्यक्रम विभाग के सीनियर छात्रों ने नये छात्रों का स्वागत करने और उन्हें विभाग के शैक्षणिक व पाठ्यचर्या माहौल से परिचित कराने के लिए आयोजित किया गया था. संचालन यूजी सेमेस्टर चार की छात्रा पूर्णिमा डांग ने किया. कार्यक्रम की शुरुआत फैकल्टी सदस्यों ने दीप प्रज्वलित कर की. मौके पर असिस्टेंट प्रोफेसर हेंब्रोम मार्सेल, असिस्टेंट प्रोफेसर रेनी अल्मा लकड़ा, असिस्टेंट प्रोफेसर प्रदीप एडवर्ड एक्का, असिस्टेंट प्रोफेसर नारायण साई और लैब असिस्टेंट संदीप रोशन कुल्लू उपस्थित थे. इसके बाद नये छात्रों का परिचय प्रोफेसरों व सीनियर छात्रों से कराया गया. यूजी सेमेस्टर टू की छात्रा इंजील ने पिछले साल के अपने अनुभव साझा किये और नये छात्रों को शैक्षणिक और सह-पाठ्यचर्या गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया. उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि छात्रों को गलतियां करने से डरना नहीं चाहिए और उन्हें अपने प्रोफेसरों से बेझिझक सुझाव और मार्गदर्शन लेना चाहिए. असिस्टेंट प्रोफेसर हेंब्रोम मार्सेल ने छात्रों को सलाह दी कि वह अपने शिक्षकों का सम्मान करें, पाठ्यचर्या की गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लें और जिम्मेदारी के साथ अपनी कॉलेज लाइफ का आनंद लें. असिस्टेंट प्रोफेसर रेनी अल्मा लकड़ा ने छात्रों को अपने प्रोफेसरों को जानने, ऑनर्स विषय के रूप में भूगोल के महत्व को समझने और विभागीय व कॉलेज की गतिविधियों में मिलकर काम करने के बारे में मार्गदर्शन दिया.

Media Effects

प्रातः आवाज
सिमडेगा/गुमला

राष्ट्रीय खेल दिवस पर खेलो इंडिया संवाद कार्यक्रम आयोजित

प्रातः आवाज

सिमडेगा : संत जेवियर्स कॉलेज, सिमडेगा में राष्ट्रीय खेल दिवस 2026 के अवसर पर मेरा युवा भारत एवं खेलो इंडिया के तहत "खेलो इंडिया संवाद – खेल की बात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ" कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना की समन्वयक सहायक प्राध्यापक डॉ. निशा रानी धनवार एवं सहायक प्राध्यापक जस्टिन खोंगा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को खेल, फिटनेस, अनुशासन, टीम भावना एवं स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक एवं प्रेरित करना था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के उप प्राचार्य एवं बर्सर फादर बृनो टोप्पो रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को खेल संस्कृति को बढ़ावा देने तथा खेल के क्षेत्र में अनुशासन के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने युवाओं की शक्ति पर बल देते हुए कहा कि अनुशासित, स्वस्थ और जागरूक युवा ही देश के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है। इस अवसर पर महाविद्यालय के खेल प्रतिभा संजीत एक्का एवं अनमोल टोप्पो को बीक गमछा ओढ़ा कर सम्मानित किया गया। इसके बाद उन्होंने अपने-अपने खेल क्षेत्र के अनुभव विद्यार्थियों के साथ साझा किए। उन्होंने खेलों के दौरान आने वाली चुनौतियों, अनुशासन, निरंतर अभ्यास एवं मेहनत के महत्व के बारे में विद्यार्थियों को प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के संबोधन का सीधा प्रसारण किया गया। प्रधानमंत्री ने युवाओं को खेलों से जुड़ने, फिटनेस को अपने जीवन का हिस्सा बनाने तथा खेलों के माध्यम से देश के विकास में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। राष्ट्रीय खेल दिवस प्रत्येक वर्ष 29 अगस्त को महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद जी की जयंती के अवसर पर मनाया जाता है। इस अवसर पर खेलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि खेल युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, सहयोग एवं टीम भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ की समन्वयक सहायक प्राध्यापक रैनी अल्मा लकड़ा, परीक्षा नियंत्रक प्रो. जेसिका, प्रो. प्यारी, प्रो. प्रतिमा सहित अन्य प्राध्यापक एवं महाविद्यालय के विद्यार्थी उपस्थित रहे। विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने "नशा मुक्त भारत" की प्रतिज्ञा ली तथा युवाओं को नशे से दूर रहने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। इसके पश्चात राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का गरिमापूर्ण समापन हुआ।

राष्ट्रीय खेल दिवस पर सेंट जेवियर्स कॉलेज सिमडेगा में खेलकूद प्रतियोगिता

प्रतिनिधि, सिमडेगा

सेंट जेवियर्स कॉलेज, सिमडेगा में राष्ट्रीय खेल दिवस पर खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. इसका शुभारंभ प्रातः 10.30 बजे हुआ. इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में खेल भावना, अनुशासन, टीम भावना तथा स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना था. कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत व अभिनंदन से हुई. माइक संचालन प्रतिमा परधिया ने किया. इसके बाद अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलन किया. कॉलेज के प्राचार्य डॉ फादर रोशन बा ने अपने आशीर्वचन में विद्यार्थियों को खेलों के महत्व के बारे में बताया तथा उन्हें पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित किया. इस मौके पर हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के जीवन और खेल उपलब्धियों का परिचय पुष्पलता कुजूर ने प्रस्तुत किया. उन्होंने मेजर ध्यानचंद के खेल के प्रति समर्पण और देश के लिए उनके योगदान को रेखांकित किया. इस मौके पर विद्यार्थियों के लिए कबड्डी, खो-खो, स्पून रेस, स्लो साइकिल रेस तथा रस्साकशी जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया. सभी प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया. रस्साकशी प्रतियोगिता के बालक वर्ग में द हल्क ग्रुप, इतिहास विभाग तथा बालिका वर्ग में जेनी ग्रुप, हिंदी विभाग विजेता रहे. कार्यक्रम के अंत में डॉ सुनील केरकेट्टा ने धन्यवाद किया.

कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि.

विवेकानंद शिशु विद्या मंदिर में खेल प्रतियोगिता

बानो. विवेकानंद शिशु विद्या मंदिर उच्च विद्यालय, लचरागढ़ में राष्ट्रीय खेल दिवस एवं हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती हर्षोल्लास से मनायी गयी. इस मौके पर विद्यालय में विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि संत दामोनिक कॉलेज के प्राचार्य क्लेमेंट लकड़ा, विशिष्ट अतिथि एएसआइ जितेंद्र सिंह, प्रोफेसर कामिल बाड़ा और प्रधानाचार्य राजेंद्र साहू ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया. मुख्य अतिथि ने कहा कि खेल शिक्षा का अनिवार्य अंग हैं. वहीं, एएसआइ जितेंद्र सिंह ने बच्चों को शारीरिक विकास के साथ सड़क सुरक्षा के प्रति भी जागरूक किया. अतिथियों ने फुटबॉल को किक मारकर खेलों की शुरुआत की.

प्रतियोगिता के परिणाम : मेंढक रेस (भैया वर्ग) ऋतिक कुमार प्रथम, ललित कुमार द्वितीय, लालमोहन सिंह तृतीय. मेंढक रेस (बहन वर्ग) पल्लवी कुमारी प्रथम, आराधना कुमारी द्वितीय, एंजेल लकड़ा तृतीय. बैलून रेस (प्रथम वर्ग) आराध्य कुमारी प्रथम, दीप्ति कुमारी द्वितीय, परिधि कुमारी तृतीय. बैलून रेस (अन्य वर्ग) भूमिका कुमारी प्रथम, लालमुनि कुमारी द्वितीय, अनुष्का मुंडा तृतीय. बाल्टी बैलून रेस लक्ष्मी कुमारी प्रथम, रेखा कुमारी द्वितीय, आकांक्षा सिंह तृतीय स्थान पर रहीं. सभी विजयी प्रतिभागियों को अतिथियों ने पुरस्कृत किया. मंच संचालन आचार्य प्रमोद पाणिग्राही ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन प्रधानाचार्य राजेंद्र साहू ने दिया.

23 एनसीसी कैडेट्स XVII एनसीसी कैंप के लिए रवाना

प्रातः आवाज

सिमडेगाः सेंट जेवियर्स कॉलेज, सिमडेगा के एनसीसी कंपनी नंबर 5/46 के प्रथम बैच, सत्र 2025–2026 की द्वितीय टूप के 23 एनसीसी कैडेट्स XVII एनसीसी कैंप में भाग लेने के लिए बी.एन. जालान कॉलेज, सिसई के लिए रवाना हुए।

कैडेट्स समृद्धि बस से सिमडेगा बस स्टैंड से रवाना हुए। दल का नेतृत्व कैडेट सुरभि एक्का एवं कैडेट अभिषेक टोप्पो ने किया। एनसीसी एएनओ श्री रोशन किशोर गिद्ध ने सभी 23 कैडेट्स को बस स्टैंड से विदा किया और कैंप के लिए शुभकामनाएं दीं।इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य फादर डॉ. रोशन बा ने कैडेट्स को प्रेरित करते हुए कहा, "एनसीसी केवल एक प्रशिक्षण नहीं, बल्कि अनुशासन, नेतृत्व और राष्ट्रसेवा की भावना को विकसित करने का माध्यम है। आप सभी कैंप में पूरे अनुशासन, आत्मविश्वास और समर्पण के साथ भाग लें तथा अपने कॉलेज और परिवार का नाम रोशन करें।" उन्होंने कैडेट्स को कैंप के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि "हर चुनौती को सीखने का अवसर समझें और एक बेहतर, जिम्मेदार एवं अनुशासित नागरिक बनने का संकल्प लेकर लौटें।" कैंप में कैडेट्स विभिन्न प्रशिक्षण एवं गतिविधियों में भाग लेकर अनुशासन, नेतृत्व, टीम भावना एवं आत्मविश्वास का विकास करेंगे और सेंट जेवियर्स कॉलेज, सिमडेगा का गौरव बढ़ाएंगे।

The Xaverian Editorial Board

The Editor in Chief

Dr. Fr. Samir Xavier Bhanwra, SJ

Associate Editors

Prof. Jessica Nidhi Tigga, Prof. Ishan Tiru,
Prof. Pyari Kullu, Prof. Bipin Minj

विद्या का अन्तिम लक्ष्य चरित्र निर्माण है।

Bulletin Heads

Asst. Prof. Anamika N. Runda

Asst. Prof. Narayan Sai

To be a XAVERIAN

Only for the greater good of the Soceity!